भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1211

11 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ

विषयः- डिजिटल कृषि मिशन

1211. डॉ. राजेश मिश्राः
डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगेः
श्री नव चरण माझीः
श्री माधवनेनी रघुनंदन रावः

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) इस मिशन के अंतर्गत डिजिटलीकरण प्रक्रिया में महिला किसानों, बंटाईदारों और अनौपचारिक भूमि धारकों को शामिल करने के लिए समावेशिता किस प्रकार सुनिश्चित की जाती है;
(ख) खराब इंटरनेट पहुंच अथवा डिजिटल अवसंरचना वाले क्षेत्रों में किसानों को सहायता प्रदान करने के लिए क्या प्रावधान किए गए हैं;
(ग) क्या सरकार का इस मिशन की प्रगति के आधार पर बजट में वृद्धि करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) इस मिशन के अंतर्गत राज्यवार और जिलावार, विशेषकर मध्य प्रदेश के सीधी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में शामिल किसानों की संख्या कितनी है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क): डिजिटल कृषि मिशन के तहत राज्य किसान रजिस्ट्री में महिला किसानों सहित सभी भूमि धारक किसान शामिल हैं। किसान रजिस्ट्री एप्लीकेशन में काश्तकार और पट्टेदार किसानों को भी शामिल करने का प्रावधान है। राज्य, अपनी राज्य नीति के अनुसार ऐसे किसानों को किसान रजिस्ट्री में शामिल करने का निर्णय ले सकता है।

(ख) और (ग): सरकार ने 2817 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ डिजिटल कृषि मिशन को मंजूरी दी है। इस मिशन का उद्देश्य देश में एक मजबूत डिजिटल कृषि इकोसिस्टम को सक्षम बनाना है, ताकि किसान-केंद्रित डिजिटल समाधानों को आगे बढ़ाया जा सके और देश के सभी किसानों को यथा समय और विश्वसनीय फसल संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। इस मिशन में कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक इनफ्रास्ट्रक्चर जैसे कि एग्रीस्टैक, कृषि निर्णय सहायता प्रणाली, व्यापक मृदा उर्वरता और प्रोफाइल मानचित्र और केंद्र सरकार/राज्य सरकारों द्वारा की जाने वाली अन्य आईटी पहलों का निर्माण शामिल है। सरकार मिशन के कार्यान्वयन के लिए सभी राज्यों को प्रशासनिक और तकनीकी सहायता प्रदान कर रही है।

(घ): दिनांक 07.02.2025 तक कुल 2,05,26,912 किसान आई.डी. बनाई गई हैं, जिनमें मध्य प्रदेश राज्य की 41,87,528 किसान आई.डी. शामिल हैं। इसमें से, मध्य प्रदेश के सीधी जिले में लगभग 70539 किसान आई.डी. बनाई गई हैं। राज्यों में बनाई गई किसान आईडी का विवरण **अनुबंध-I** पर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, मध्य प्रदेश राज्य का जिला-वार विवरण **अनुबंध-II** पर दिया गया है।

अनुबंध-I

क्रम संख्या	**राज्य**	**दिनांक 07.02.2025 तक बनाई गई किसान आईडी की संख्या**
1.	गुजरात	36,36,390
2.	मध्य प्रदेश	41,87,528
3.	महाराष्ट्र	22,54,459
4.	उत्तर प्रदेश	1,02,03,168
5.	असम	1,42,086
6.	छत्तीसगढ़	14,343
7.	ओडिशा	9,848
8.	आंध्र प्रदेश	424
9.	बिहार	19
10.	राजस्थान	75,593
11.	तमिलनाडु	3,054

अनुबंध-II

क्रम. संख्या.	जिले का नाम	बनाई गई किसान आईडी
1	आगरमालवा-	47387
2	आलीराजपुर	49934
3	अनुपपुर	40376
4	अशोकनगर	60070
5	बालाघाट	185354
6	बड़वानी	58799
7	बेतुल	121251
8	भिंड	70383
9	भोपाल	20507
10	बुरहानपुर	21076
11	छतरपुर	122608
12	छिंदवाड़ा	120432
13	दमोह	101521
14	दतिया	63896
15	देवास	84962
16	धार	118206
17	डिंडोरी	70735
18	गुना	71095
19	ग्वालियर	40997
20	हरदा	36010
21	इंदौर	33619
22	जबलपुर	48190
23	झाबुआ	85080
24	कटनी	71819
25	खंडवा पूर्वी) निमाड़(	74119
31	खरगोन (पश्चिम) निमाड़(	83852
33	मैहर	43910
34	मंडला	82221
35	मन्दसौर	68028
32	मऊगंज	34250
26	मुरैना	72585
27	नर्मदापुरम	78350
28	नरसिंहपुर	78537
29	नीमच	54519
30	निवाड़ी	26583
36	पंधुरना	33307
37	पन्ना	51732

क्रम. संख्या.	जिले का नाम	बनाई गई किसान आईडी
38	रायसेन	79145
39	राजगढ़	114165
40	रतलाम	72132
41	रीवा	101693
42	सागर	149307
43	सतना	71011
44	सीहोर	107017
45	सिवनी	151119
46	शाहडोल	52249
47	शाजापुर	96769
48	श्योपुर	36439
49	शिवपुरी	141643
50	सीधी	70539
51	सिंगरौली	69883
52	टीकमगढ़	68799
53	उज्जैन	114293
54	उमरिया	34119
55	विदिशा	130906
	कुल	**41,87,528**

*****